महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ

तृतीय बैठक-2023-24

दिनांक 31 जुलाई , 2024

कु मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर में सत्र 2023-24 की IQAC III Meet प्राचार्या के निर्देशन में IQAC के समस्त बाह्य एवं आन्तरिक पदाधिकारियों के साथ दिनांक 31 जुलाई , 2024 को संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ दिव्या नाथ, अध्यक्ष IQAC ने सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम शासन प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर मोनिका सिंह , अकादमिक प्रतिनिधि डॉ एम.एम शेरी डायरेक्टर ट्रिपल आईटी लखनऊ, डॉ राजीव नयन रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विवि, डॉ बिंदु शर्मा , प्रो सी.सी.एस यूनिवर्सिटी मेरठ, डॉ पारुल सक्सेना, शारदा विश्वविद्यालय,इंड्रस्टी प्रतिनिधि श्री आदित्य हॉलैंड ट्रैक्टर, डॉ जितेंद्र गुप्ता अपोलो अस्पताल, NGO प्रतिनिधि स्पंदन संस्था , अभिभावकगण,पुरातन एवं वर्तमान छात्रा प्रतिनिधि का बैठक में स्वागत करते हुए IQAC बैठक के उद्देश्य एवं कार्य विधि से सबको अवगत कराया। तत्पश्चात IQAC प्रभारी प्रोफेसर (डॉ)दीप्ति वाजपेयी द्वारा सदन को विगत बैठक में निर्धारित किए गए एजेंडा की Action Taken Report प्रस्तुत की गई तथा महाविद्यालय की अन्य उपलब्धियों से सदन को परिचित कराया। उपलब्धियों के प्रभावी पीपीटी प्रस्तुतीकरण के पश्चात वर्तमान एजेंडे को सभी पदाधिकारियों के सम्मुख स्पष्ट किया। अन्य उपलब्धियों के साथ साथ पुरातन छात्रा संघ का विधिवत रजिस्ट्रेशन और प्रमाण पत्र का प्राप्त होना तथा शासन की NATS योजना के तहत महाविद्यालय की 3 छात्राओं का प्रशिक्षु रूप चयनित होकर 9000 का stipend प्राप्त करना जानकर सभी ने करतल ध्वनि के साथ महाविद्यालय प्रयासों की प्रशंसा की।

सभी पदाधिकारियों ने महाविद्यालय गुणवत्ता संवर्धन हेतु अपने अपने सुझाव दिए जिसमें Animal Ethical committee का गठन, feedback analysis, Enargy Audit, Indrasty Training आदि प्रमुख थे । इसके साथ ही सभी बाहय पदाधिकारियों द्वारा छात्रा हित में किए जा रहे महाविद्यालय प्रयासों की एक मत से प्रशंसा की गई । क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर मोनिका सिंह ने कहा कि महाविद्यालय अपने सामूहिक प्रयासों से गुणवत्ता के नित नए आयाम बना रहा है। इसके लिए प्राचार्य और समस्त स्टॉफ बधाई का पात्र है ।

अंत में IQAC Coordinator Prof Deepti Bajpai द्वारा सदन को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

बैठक के आयोजन में IQAC के समस्त आंतरिक पदाधिकारीगण प्रो. दिनेश चंद्र शर्मा , प्रो. किशोर कुमार, प्रो. शिवानी वर्मा, लेफ्टी. डॉ मीनाक्षी लोहानी , डॉ अरविन्द कुमार यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा और इनके सहयोग एवं प्रयासों के फलस्वरूप IQAC Meet अपने उद्देश्यों में सफल रही।

Prof Deepti Bajpai

IQAC Coordinator

Prof Divya Nath

Principal